भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1470
जिसका उत्तर बृहस्पतिवार, 10 मार्च, 2016 को दिया जाना है

आयात किए जा रहे मशीनी उपकरण और उपस्कर

1470. श्री तरुण विजय:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) टरबाइन हैवी ड्यूटी क्रेन, सड़क की सफाई करने वाला मशीन आदि की श्रेणी में अभी भी आयात किए जा रहे भारी मशीनी उपकरण और उपस्कर कौन-कौन से हैं; और

(ख) क्या यह सच है कि भारी उद्योगों के लिए काफी संख्या में उपस्करों का चीन से आयात किया जा रहा है, ऐसे आयातों की मात्रा, तत्संबंधी श्रेणी-वार ब्यौरा और ऐसे आयातों पर व्यय की गई विदेशी मुद्रा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क) और (ख): जी, हां। केपिटल गुड्स का उपयोग करने वाले कई सारे भारतीय प्रयोक्ता इलेक्ट्रिकल उपस्कर, मशीन उपकरण, वस्त्र मशीनरी, प्रिंटिंग मशीनरी, प्लास्टिक प्रोसेसिंग मशीनरी, धातुकर्म मशीनरी, अर्थमूविंग और निर्माण मशीनरी आदि जैसे भारी औद्योगिक उपस्करों का चीन से आयात कर रहे हैं।

पिछले वर्ष (2014-15) चीन से किए गए आयातों का ब्यौरा निम्नलिखित है:

क्र. सं.	मद	2014-15 चीन से आयात (₹ करोड़ में)	2014-15 कुल आयात (₹ करोड़ में)	2014-15 के दौरान कुल आयातों में से चीन से आयातों की प्रतिशतता (%)
1	बॉयलर, टरबाइन, जेनरेटर और ट्रांसफॉर्मर	6297.96	16430.92	38.33
2	निर्माण और खनन मशीनरी	6192.17	24245.9	25.54
3	वस्त्र मशीनरी	3698	10912.98	33.89
4	प्रिंटिंग मशीनरी	3167.39	7653.18	41.39
5	मशीन उपकरण	1982.58	12218.18	16.23
6	पंप्स और कंप्रेसर्स सहित प्रोसेस प्लांट उपकरण एवं मशीनरी	1772.62	7225.89	24.52
7	धातुकर्म मशीनरी	1314.96	4567.81	28.78
8	प्लास्टिक मशीनरी	1029.14	4206.45	28.78
9	पेपर एवं पल्प मशीनरी	552.57	1834.64	30.12
10	कृषि मशीनरी	298.32	806.19	37
11	लेदर मशीनरी	161.38	623.08	25.9

(स्रोत: वाणिज्य विभाग की वेबसाइट)

******